08.09.23_08.09.23.qxd 9/8/2023 12:06 AM Page 1


शुक्रवार

08 सितंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




रोसड़ा के डिप्टी मेयर के पति की गोली मारकर हत्या 2



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में की शिरकत, बोलें...

# 21वीं सदी एशिया की सदी, हम सब की सदी है

- आसियान सम्मेलन में मोदी ने डिजिटल बदलाव, ट्रेड व आर्थिक क्षेत्रों में कनेक्टिवटी के लिए 12 सूत्रीय प्रस्ताव पेश किया

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में भारत-आसियान सहयोग को मजबूत करने के लिए 12 सूत्रीय प्रस्ताव पेश किया। पीएम मोदी ने डिजिटल बदलाव, ट्रेड और आर्थिक क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने और आसियान-भारत रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए व्यापक चर्चा की। पीएम ने इंडो पैसिफिक क्षेत्र में आसियान की भूमिका पर जोर दिया और इंडो पैसिफिक ओसन इनिशिएटिव और आसियान के आउटलुक ऑन द इंडो पैसिफिक के बीच तालमेल बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने चरणबद्ध तरीके से आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौता की समीक्षा को पूरा करने की जरूरत पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने आसियान सम्मेलन में डिजिटल बदलाव, ट्रेड और आर्थिक क्षेत्रों में कनेक्टिवटी के लिए 12 सूत्रीय प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव के तहत भारत ने दक्षिणपूर्व एशिया को पश्चिमी एशिया यूरोप से जोड़ने वाले मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी की स्थापना का आह्वान किया। साथ ही आसियान साझेदारों के साथ भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को शेयर करने की पेशकश की।



## आसियान-इंडिया फंड का पीएम मोदी ने किया ऐलान

पीएम मोदी ने डिजिटल बदलाव और वित्तीय कनेक्टिविटी में सहयोग के लिए आसियान-इंडिया फंड का ऐलान किया। 12 सूत्रीय प्रस्ताव के तहत पीएम ने आतंकवाद, टेरर फंडिंग और साइबर दुष्प्रचार से निपटने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने इस प्रस्ताव के तहत सहयोग बढ़ाने के लिए नॉलेज पार्टनर के तौर पर काम करने के लिए इकॉनोमिक एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ आसियान एंड ईस्ट एशिया के नवीनीकरण का समर्थन करने का ऐलान किया। मोदी ने ग्लोबल साउथ के समक्ष दिक्कतों को सामूहिक ढंग से उठाने का आह्वान किया। उन्होंने डब्ल्यूएचओ की ओर से गठित ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन में शामिल होने के लिए आसियान देशों को आमंत्रित किया।

## आपदा प्रबंधन में सहयोग का किया आह्वान

पीएम ने जन औषधि केंद्रों के जरिए मुहैया कराई जा रही किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं के देश के अनुभवों को भी साझा किया। पीएम मोदी ने आपदा प्रबंधन में सहयोग का भी आह्वान किया और कोलिशन फॉर डिजास्टर रिसिलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर में शामिल होने के लिए सदस्य देशों को आमंत्रित किया। पीएम मोदी ने कहा हमारी पार्टनरशिप अपने चौथे दशक में प्रवेश कर रही है, ऐसे में भारत-आसियान समिट की सह-अध्यक्षता करना मेरे लिए बहुत ही प्रसन्नता का विषय है। इस सम्मेलन के शानदार आयोजन के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति विडोडो का अभिनंदन करता हूं और उनका आभार व्यक्त करता हूं। कंबोडिया के पीएम को हाल ही में पदभार ग्रहण करने के लिए हार्दिक बधाई देता हूं।

## एक रूल बेस्ड पोस्ट कोविड वर्ल्ड ऑर्डर का निर्माण करें

पीएम मोदी ने आगे कहा था, हमारा इतिहास और भूगोल भारत और आसियान को जोड़ते हैं। साथ ही साझा वेल्यूज, क्षेत्रीय एकता और साझा विश्वास भी हमें आपस में जोड़ता हैं। आसियान भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्रीय स्तंभ है। पिछले वर्ष हमने भारत आसियान फ्रेंडशिप ईयर मनाया। आज वैश्विक अनिश्चिता के माहौल में भी हर क्षेत्र हमारे आपसी सहयोग में लगातार प्रगति हो रही है, यह हमारे संबंधों की ताकत का प्रमाण है। आसियान मायने रखता है, क्योंकि यहां सभी आवाज सुनी जाती है। वैश्विक विकास में आसियान की अहम भूमिका है. 21वीं सदी एशिया की सदी है, हम सब की सदी है इसलिए आवश्यक है कि हम एक रूल बेस्ड पोस्ट कोविड वर्ल्ड ऑर्डर का निर्माण करें।

## मिशन लाइफ पर मिलकर काम करने की अपील की

पीएम मोदी ने आसियान देशों को भारत में विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से स्थापित किए जा रहे पारंपरिक दवाओं के वैश्विक केंद्र में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए भारत के नेतृत्व वाले वैश्विक जन आंदोलन मिशन लाइफ पर मिलकर काम करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और खाद्य एवं दवाओं सहित आवश्यक वस्तुओं के लिए लचीली आपूर्ति श्रृंखला सहित वैश्विक चुनौतियों से निपटने और ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक सहकारी दृष्टिकोण का भी आह्वान किया।

# इंडिया और भारत के बीच दरार पैदा करने की हो रही कोशिश: कांग्रेस

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को गुरुवार को एक साल पूरा हो गया. इस मौके पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आज भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ है। राहुल गांधी की ये यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई है। ये यात्रा कभी मणिपुर में दिखाई देती है, तो कभी आजादपुर सब्जी मंडी में और लद्दाख में नजर आती है। पवन खेड़ा ने भारत या इंडिया नाम के विवाद पर कहा कि ऐसी ताकतें हैं जो अखंड भारत को पसंद नहीं करतीं और इंडिया और भारत के बीच दरार पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। हर देशवासी जानता है कि ये ताकतें कौन हैं। ये भारत को इंडिया से लड़ा रहे हैं। सोना हो या गोल्ड, हिंदी में बोलो या अंग्रेजी में कीमत नहीं बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि लोग जानना चाहते हैं कि किस तरह ये यात्रा निकाली गई, इसके क्या मायने थे। भारत जोड़ो यात्रा का इतिहास स्याही से नहीं लिखा जा सकता, ये पसीने से लिखा गया है। ये तीर्थ यात्रा थी और तीर्थ यात्रा कभी खत्म नहीं होती।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि काफी षड्यंत्र हो रहे हैं, यात्रा के समय भी हुए थे. इसे विफल करने के काफी कोशिश की गई। मीडिया को इसे दिखाने से रोकने का षड्यंत्र रचा गया, लेकिन मीडिया ने यात्रा को दिखाया। ये लोग यात्रा को न विफल कर पाए, न कर पाएंगे।



## उदयनिधि स्टालिन के बयान से बनाई दूरी

कांग्रेस ने तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी से भी दूरी बना ली है। पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस ऐसी टिप्पणियों से बिल्कुल सहमत नहीं है। हम सभी धर्मों को साथ लेकर चलते हैं। किसी धर्म को कमतर नहीं करना चाहिए। संविधान भी इसकी इजाजत नहीं देता। कांग्रेस सर्वधर्म समभाव में विश्वास करती है। इंडिया गठबंधन के सभी दल सभी धर्मों का सम्मान करते हैं।

**मोहन भागवत को दी चुनौती:** अखंड भारत को लेकर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयानों पर पवन खेड़ा ने कहा कि इन्हें भारत के 15% मुसलमान बर्दाश्त नहीं होते, अखंड भारत में 45% मुसलमान इन्हें बर्दाश्त होंगे? खेड़ा ने भागवत को चुनौती देते हुए कहा कि देश के विभाजन में आरएसएस से जुड़े नेताओं की क्या भूमिका थी उस पर बहस कर लें।

# प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधायकों का वेतन 40 हजार रु. बढ़ाया

**एजेंसी/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को विधायकों के वेतन में बढ़ोतरी का ऐलान किया। विधायकों की सैलरी में 40 हजार रुपये प्रति माह का इजाफा करते हुए ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि मेरे वेतन में कोई संशोधन नहीं किया गया है, क्योंकि मैं लंबे अरसे से किसी तरह का वेतन नहीं ले रही हूं। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल विधानसभा के विधायकों का वेतन दूसरे राज्यों के मुकाबले काफी कम है। इसलिए यह फैसला किया गया है कि उनके वेतन में 40 हजार रुपये प्रतिमाह की वृद्धि की जाएगी। इसके अलावा ममता बनर्जी ने कैबिनेट मंत्रियों और राज्य मंत्रियों के सैलेरी में बढ़ोतरी की है। अब राज्य के मंत्रियों का मासिक वेतन 10,900 रुपये से बढ़ाकर 50,900 रुपये कर दिया गया है। वहीं, कैबिनेट मंत्रियों के मामले में यह राशि 11,000 रुपये से बढ़ाकर 51,000 रुपये कर दी गई है। कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और विधायक मासिक वेतन के अलावा जो अन्य अतिरिक्त भत्ते पाने के हकदार हैं, वे वही रहेंगे।

**कुल कितनी मिलेगा वेतन:** राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया, इसका मतलब यह होगा कि वेतन और भत्तों सहित विधायकों को मिलने वाला वास्तविक मासिक भुगतान अब 81,000




रुपये प्रति माह की मौजूदा दर से बढ़कर 1.21 लाख रुपये हो जाएगा। इसी तरह, अब से मंत्रियों को मिलने वाला वास्तविक मासिक भुगतान 1.10 लाख रुपये प्रति माह से बढ़कर लगभग 1.50 लाख रुपये प्रति माह हो जाएगा।

**इस वजह से हुई बढ़ोतरी:** विधानसभा में बढ़े हुए वेतन की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वेतन बढ़ाने का निर्णय इस बात के मद्देनजर लिया गया है कि पश्चिम बंगाल में विधायकों का वेतन अन्य राज्यों के विधायकों के वेतन की तुलना में बहुत कम है। हालांकि, राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि मंत्री और विधायकों के लिए ये बढ़ा हुआ वेतन राज्य सरकार के कर्मचारियों को और अधिक परेशान करेगा। वे लंबे समय से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर बढ़े हुए महंगाई भत्ते और एरियर की मांग कर रहे हैं।

# ट्रेनों में वीआईपी कोटे से टिकट बुकिंग कराने पर लगेगी लगाम

**नई दिल्ली।** ट्रेनों में वीआईपी कोटे से टिकट बुकिंग पर लगाम लगाने के लिए रेलवे अब कई अहम कदम उठाने जा रहा है। दरसल रेलवे बोर्ड को सूचना मिल रही थी कि इमरजेंसी कोटे का गलत रूप से इस्तेमाल किया जा रहा है। जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। अब ट्रेन के वेटिंग टिकट को कन्फर्म कराने के लिए रेलवे के अधिकारी और सांसद का कोटा लगवाने की आड़ में चल रहे खेल से अब पर्दा उठेगा। क्योंकि रेलवे के दिल्ली डिवीजन ने इसके लिए बकायदा निर्देश जारी किया है।

उत्तर रेलवे ने कहा, कोटा लगाने वाले अफसर और यात्री के बीच संबंध की जानकारी के लिए अब एक फॉर्म भरना अनिवार्य होगा। जानकारी के अनुसार नई दिल्ली से चलने वाली ज्यादातर ट्रेनों की सीटें त्योहारों के दौरान फुल होती हैं। कई यात्री कंफर्म टिकट के लिए स्टेशन के चक्कर काटते रहते हैं। इसका फायदा उठाकर दलाल उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं और मनमाना पैसा ऐंठते हैं। इसके बाद वह रेलवे के अधिकारियों से सांठगांठ या फिर सांसद के नाम के गलत दस्तावेज लगाकर कोटा लगवा लेते हैं। अब इसकी सच्चाई जानने के लिए रेलवे ने यह अभियान शुरू किया है। इसके लिए सभी डिविजन को निर्देश दिए गए हैं कि वह चलती ट्रेन में कोटे से कन्फर्म सीट पर सफर करने वाले यात्री से पूछताछ करेंगे, ताकि यह साफ हो जाए कि कहीं कोटा लगवाने के पीछे पैसे का लेनदेन तो नहीं है। साथ ही जांच किए गए यात्रियों की डिटेल और फॉर्म की रिपोर्ट हर रोज डिविजन ऑफिस को भेजने की बात कही गई है।



दो अलग-अलग कप्तान के बाद दो अलग-अलग कोच रखने पर हो रहा विचार

# विश्व कप के बाद कोच पद छोड़ सकते हैं राहुल द्रविड़

**एजेंसी/मुंबई**

वनडे विश्व कप 2023 का आगाज पांच अक्तूबर से होना है। भारतीय टीम 10 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करने उतरेगी। हालांकि, विश्व कप से पहले एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, द्रविड़ विश्व कप के बाद अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। उनका दो साल का कॉन्ट्रैक्ट विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है। ऐसे में वह इस पद से हट सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई ने द्रविड़ से भारत को चैंपियन बनाने और आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करने की मांग रखी है और सेमीफाइनल तक पहुंचने को भी टीम इंडिया की कामयाबी नहीं मानी जाएगी। अगर टीम इंडिया खिताब नहीं जीतती है तो विश्व कप के बाद बोर्ड एक बार फिर हेड कोच की तलाश कर सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि द्रविड़ कॉन्ट्रैक्ट रीन्यू करने पर विचार करते हैं या नहीं। इतना ही नहीं, दो अलग-अलग कप्तान के बाद दो अलग-अलग कोच रखने पर भी विचार हो रहा है। ऐसे में द्रविड़ को एक फॉर्मेट में कोच के रोल में जारी भी रखा जा सकता है।



**टेस्ट टीम के कोच रह सकते हैं राहुल द्रविड़:** विश्व कप के तुरंत बाद भारत को दक्षिण अफ्रीका (अवे) और इंग्लैंड (होम) के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है। ऐसे में द्रविड़ को रेड बॉल क्रिकेट के कोच के तौर पर जारी रखा जा सकता है। अगले वर्ल्ड कप साइकिल में भी बीसीसीआई टीम इंडिया के लिए रेड बॉल और व्हाइट बॉल क्रिकेट के लिए अलग-अलग कोच रखने पर विचार कर सकता है। यह ठीक वैसा ही होगा जैसा इंग्लैंड क्रिकेट में मौजूदा समय में है। टेस्ट में इंग्लैंड के कोच ब्रैंडन मैकुलम हैं, जबकि व्हाइट बॉल क्रिकेट में मैथ्यू मॉट इंग्लैंड के कोच का दायित्व संभाल रहे हैं।

## वनडे-टी-20 की जिम्मेदारी किसी अलग कोच को

द्रविड़ को भारी वर्कलोड से राहत देकर उन्हें टेस्ट की तरफ शिफ्ट किया जा सकता है, वहीं वनडे-टी20 की जिम्मेदारी उस कोच को दी जा सकती है जो टी20 का भी जानकार हो। आईपीएल में गुजरात टाइटंस की कोचिंग कर रहे आशीष नेहरा से भी इसको लेकर बातचीत की जा सकती है। नेहरा की देखरेख में गुजरात की टीम 2022 आईपीएल में विजेता बनी थी, जबकि 2023 में टीम फाइनल तक पहुंची। हालांकि, नेहरा से जब टीम इंडिया के कोच के रोल के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने इससे साफ इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि उनकी बिल्कुल इच्छा नहीं है। नेहरा का कॉन्ट्रैक्ट गुजरात के साथ 2025 में समाप्त हो रहा है।

08.09.23_08.09.23.qxd 9/8/2023 12:06 AM Page 2



## समस्तीपुर में अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

# रोसड़ा के डिप्टी मेयर के पति की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/समस्तीपुर**

बिहार में बेखौफ हो चुके बदमाश किसी की भी हत्या करने में भय नहीं खा रहे हैं। ताजा मामला समस्तीपुर का है, जहां अपराधियों ने रोसड़ा नगर परिषद के पूर्व डिप्टी मेयर और वर्तमान डिप्टी मेयर के पति की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति है। दरअसल, रोसड़ा नगर परिषद की डिप्टी मेयर बबिता देवी के पति अरुण महतो की गुरुवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी है। अरुण महतो रोसड़ा नगर परिषद के पूर्व डिप्टी मेयर भी थे। घटना उस वक्त हुई जब अरुण महतो रोसड़ा शहर स्थित अपने घर से किसी काम से पैदल ही जा रहे थे, तभी लक्ष्मीपुर के पास अपराधियों ने उनके सिर में गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार अपराधी मौके से फरार हो गए।

घटना की जानकारी रोसड़ा शहर में जैसे ही लोगों को हुई गुस्साए लोग सड़क पर उतर आए और हंगामा करने लगे। जगह-जगह टायर और बैरिकेडिंग कर सड़क को जाम कर दिया। इसके साथ ही अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। शहर की सभी दुकानें बंद कर दी गईं। हत्या की वजह का अबतक पता नही चल पाया है। मृतक अरुण महतो दो बार रोसड़ा नगर पंचायत के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे जबकि पिछली बार रोसड़ा नगर परिषद के गठन के बाद यह सीट महिला आरक्षित होने पर उनकी पत्नी बबिता देवी डिप्टी मेयर के पद पर निर्वाचित हुई थीं।





♦ घर से पैदल जाने के दौरान लक्ष्मीपुर के पास अपराधियों ने पूर्व डिप्टी मेयर के सिर में मार दी गोली

परिवार का कहना है कि अरुण महतो ने कुछ दिन पहले फेसबुक लाइव किया था। इसी को लेकर ये हत्या हुई है। तीन दिन पहले भी उसके ऊपर हमला हुआ था। अरुण के बड़े भाई संतोष कुमार महतो ने बताया कि अरुण ने एक महीने पहले अपने फेसबुक पेज से लाइव किया था। इसमें उसने अपनी हत्या की आशंका जताई थी। फिर कुछ देर बाद उस पोस्ट को डिलीट कर दिया था। भाई का कहना है कि उसे मारने में दबंग लोग शामिल हैं। यहां केवल दारू की बिक्री का पैसा उठाया जाता है। यहां अब तक चार हत्याएं हो चुकी हैं। पुलिस को कोई मतलब नहीं है। यहां केवल गुंडागर्दी चल रही है। अरुण पर तीन दिन पहले दलसिंहसराय रेलवे गुमटी पर भी बदमाशों ने गोली चलाई थी। हालांकि बदमाशों के इस हमले में वह बाल-बाल बच गए थे।

## मां का इलाज करवाकर पटना लौट रहे एसएसबी के जवान की गोली मार हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

मोतिहारी में अपराधियों ने एसएसबी के जवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। वह अपनी मां का इलाज करवाकर पटना लौट रहे थे। इसी दौरान चार अपराधियों ने जवान को रोक लिया और पैसे की मांग करने लगे। जवान ने विरोध किया तो अपराधियों ने उसे गोली मार दी। घायल जवान के भाई और बीमार मां उसे अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में डॉक्टर ने जवान को मृत घोषित कर दिया। घटना चिरैया थाना क्षेत्र के नयाका टोला के पास की है। इधर, जवान की हत्या की खबर से इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में मोतिहारी एसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि घटना के कुछ ही समय के अंदर एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसकी एसएसबी के जवान के भाई ने पहचान कर ली। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मृत एसएसबी के जवान घोडासाहन थाना क्षेत्र के सेखौन बगहा गांव निवासी मनोज कुमार (40) के रूप में हुई है।

### अपराधियों को पैसा देने से मना करने पर मार दी गोली

मृत एसएसबी के जवान धर्मेंद्र कुमार के बड़े भाई मनोज कुमार ने बताया कि मैं, अपनी मां और भाई मेरी मां 60 वर्षीय सवारी देवी और भाई 40 वर्षीय धर्मेंद्र तीनो पटना पारस हॉस्पिटल गए थे, जहां मां का हार्ट का इलाज चल रहा है। वहां से ट्रेन से मोतिहारी आया। यहां से बाइक से तीनो घर जा थे। बुधवार देर रात करीब 11 से 12 बजे के बीच चिरैया थाना के नयका टोला हनुमान मंदिर के पास दो अपराधियों ने गाड़ी रोकने को कहा। जब भाई गाड़ी रोका तो वह कहने लगा कि पैसा दो हम कहे कि पैसा नहीं है। बस वहां मौजूद दूसरे ने कहा कि गोली मार दो और भाई को गोली मार दी। वहां से फरार हो गया। करीब आधे घंटे तक इंतजार किया तो पुलिस की गाड़ी आई उस पर लाद कर मोतिहारी रहमानिया मेडिकल सेंटर पहुंचे। यहां इलाज के दौरान डॉक्टर में उसे मृत घोषित कर दिया।

## पटना में फाइनेंस कंपनी के मैनेजर से 20 लाख की लूट



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार की राजधानी पटना में सरेआम 20 लाख की लूट की घटना को बदमाशों ने अंजाम दे दिया। घटना अगमकुआं थाना इलाके की है। जब भारत फाइनेंस कंपनी के मैनेजर और डिप्टी मैनेजर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में 20 लाख रूपए जमा करने जा रहे थे। तभी बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। और पैसे लेकर फरार हो गए। इस मामले में एसपी सिटी पूर्वी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बाइक सवार अपराधियों ने हथियार के बल पर 20 लाख रुपए लूट लिया और हथियार लहराते फरार हो गये।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को फिलहाल पुलिस खंगालने में लगी है। पुलिस ने बताया भारत फाइनेंस कंपनी के मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर को अपराधियों ने निशाना बनाया है। फिलहाल पुलिस घटना की सभी बिन्दुओं की जांच में जुटी है। पीड़ित से घटना की जानकारी ली जा रही है।

**यूनियन बैंक आफ इंडिया की शाखा में कैश जमा करने जा रहे थे:** बताया जा रहा है कि भारत फाइनेंस कंपनी के मैनेजर अपने एक स्टाफ के साथ यूनियन बैंक आफ इंडिया की शाखा में 20 लाख रुपए जमा करने जा रहे थे। इसी क्रम में मोटरसाइकिल से आए अपराधी हथियार के बल पर 20 लाख कैश से भरे बैग लूटकर फरार हो गए। अगमकुआं थाना प्रभारी ने बताया कि 20 लाख रुपए लूट की घटना की सूचना मिली है, लेकिन अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

## जदयू 5 नवंबर को करेगी भीम संसद का आयोजन

**केटी न्यूज/पटना**

जदयू पिछड़े और दलित समुदाय के वोट को साधने लिए बड़ा कार्यक्रम करने जा रही है। इसका नाम दिया गया भीम संसद। 5 नवंबर को इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि आज जो देश के हालात हैं, देश में राजनीतिक की जो संवेदनशील स्थिति है और अहंकारी सरकार द्वारा जो आपातकाल से भी बदतर स्थिति लाई गई है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसलिए पार्टी ने निर्णय लिया है कि 5 नवंबर को वेटनरी कॉलेज मैदान में भीम संसद कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इसमें सीएम नीतीश कुमार, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह शामिल होंगे।

मंत्री अशोक चौधरी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इंडिया जैसे शब्द से इनको डर हो गया। हमलोग को भारत या इंडिया नाम से कोई फर्क नहीं पड़ता है। हमलोगों के लिए दोनों नाम एक समान है। लेकिन, आरएसएस वालों को इंडिया शब्द से आपत्ति रही है। बंच ऑफ थॉट में इसका प्रमाण मिलता है। 2015 में आरएसएस प्रमुख ने आरक्षण पर पुर्नविचार की बात की। जनता ने जवाब दे दिया था। यह लोग धीरे-धीरे अपने एजेंडा को पूरा करने में आगे बढ़ रहे हैं। आज देश के दलित और आदिवासी वर्ग में दहशत का माहौल है। उन्हें लगता है कि भाजपा उनके आरक्षण के साथ खिलवाड़ कर सकती है। इसलिए जदयू आने वाले दिनों में भीम संसद का आयोजन करेगी। इसमें सभी राज्य के लोग शामिल होंगे। बाबा साहेब और महात्मा गांधी के अनुयायियों को पटना में बुलाया जाएगा। भाजपा वाले किस तरह से आरक्षण के विरोध में काम कर रहे हैं, उसके बारे में जागरूक किया जाएगा।

## पटना में भाजपा नेताओं ने सनातन विरोधियों का किया दाह संस्कार

**केटी न्यूज/पटना**

तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिये गए विवादित बयान का मामला पटना बांस घाट के शमशान घाट पहुंच गया है। पटना में भाजपा कार्यकताओं और नेताओं ने सनातन विरोधियों का दाह संस्कार किया। दाह संस्कार को लेकर चिता सजाई गई थी। चिता पर सनातन विरोधियों की तस्वीर लगा बकायदा एक युवक ने मुंडन भी कराया इसके बाद दाह संस्कार किया दाह संस्कार करने वाले आयोजक भाजपा नेता कृष्ण कुमार कल्लू ने बताया कि उन तमाम सनातन विरोधियों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है, जो सनातन के खिलाफ बोलते हैं। ताकि उन विरोधियों के मुंह पर तमाचा लग सके। आपको बता दें कि एमके स्टालिन के बेटे और तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने पिछले दिनों सनातन सम्मेलन में शामिल होने के दौरान कहा था कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय के खिलाफ है।

## मनीष कश्यप की मां ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र उदयनिधि स्टालिन पर रासुका लगाने की मांग की

**केटी न्यूज/पटना**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि द्वारा सनातन धर्म पर दिए गए बयान पर सियासी बवाल जारी है। अब बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप की मां मधु देवी ने इस सबंध में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। उन्होंने उदयनिधि स्टालिन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक सीएम के बेटे को भी वही सजा मिलनी चाहिए जो भारत के आम नागरिक की गलती पर कोर्ट देती है। राष्ट्रपति को लिखे पत्र में मनीष कश्यप की मां मधु देवी ने कहा कि उनके बेटे ने तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों की स्थिति पर सवाल उठाए थे। उसकी इतनी सी



गलती के लिए दोनों राज्यों की सरकारों ने मिलकर उसपर एनएसए लगा दिया। उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री का बेटा उदयनिधि स्टालिन जो तमिलनाडु में मंत्री है, उनके बयान पर तो पूरे देश में टकराव की स्थिति पैदा हो सकती थी। फिर उनपर एनएसए लगाकर उन्हें जेल में क्यों नहीं डाला जा रहा है।




08.09.23_08.09.23.qxd 9/8/2023 12:06 AM Page 3



# डुमरांव के सेंट्रल नाला पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा, मिट रहा वजूद

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर के गंदे पानी के बहाव को लेकर आजादी से पूर्व ही नगरपालिका द्वारा सेंट्रल नाला का निर्माण कराया गया था। जैसे-जैसे शहर ही आबादी बढ़ती गयी वैसे- वैसे सेंट्रल नाला अतिक्रमण की चपेट में आता रहा। वर्तमान में स्थिति यह बन गयी कि नाले की जमीन पर ही दो दर्जन से अधिक बहुमंजिली इमारतें खड़ी हो गयीं। सेंट्रल नाला को पुराने अस्तित्व में लाने के लिए नगर परिषद प्रशासन ने कड़े कदम उठाते हुए पुराने नक्शे से मापी कराकर अतिक्रमण हटाने का मंसूबा बनाया है।



## अतिक्रमणकारियों की सूची बनाने में जुटा नप

नप नाला पर अतिक्रमण जमाये अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर सूची तैयार करने में जुटा है। आलाधिकारियों के निर्देश मिलने के बाद अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया जायेगा। शहर के गंदे पानी के बहाव को लेकर सेंट्रल नाला का निर्माण करीब 80 वर्ष पूर्व कराया गया था। यह नाला शहर के लिए वरदान बना था। जानकार बताते हैं कि नाला के तीन तरफ शहरी आबादी बसती है और एक तरफ इस नाले का पानी कांव नदी में गिरता है। कहा जाता है कि इस नाले की चौड़ाई करीब 25 फीट की थी। सफाई के लिए नाला के दोनों तरफ आठ-आठ फीट का रास्ता बनाया गया था, जिस रास्ते पर भैसा गाड़ी मलबे की सफाई के लिए आता-जाता था लेकिन धीरे-धीरे इस पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा बढ़ता गया और आज इसकी चौड़ाई मात्र 6 से 8 फीट तक ही रह गयी है।

सेंट्रल नाला के अस्तित्व को बचाने के लिए शहर के समाजसेवियों सहित कई संस्थाओं के लोगों ने जिलाधिकारी बक्सर को ज्ञापन सौंप जांच कराने की गुहार लगाई थी। डीएम ने सेंट्रल नाले की जांच को एक टीम गठित की थी। जांच टीम ने कई बिंदुओं पर जांच कर इसकी रिपोर्ट जिले के वरीय अधिकारियों को दी। वहीं नगर परिषद के अधिकारियों की मानें तो न्यायालय और डीएम का सख्त आदेश है कि अतिक्रमण को लेकर शिकंजा कसे। किसी भी हाल में अतिक्रमण को बढ़ावा नहीं दिया जाये। कानूनी तौर पर अतिक्रमण हटाया जायेगा।

# केसठ में घर पर गिरी बिजली हॉल की छत पूरी तरह ध्वस्त



**केटी न्यूज/केसठ**

बुधवार की रात केसठ के बस स्टैंड के पास एक मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई। इस घटना में उक्त मकान का बड़ा हॉल पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। जबकि मकान के दो तरफ की दीवारों में भी दरारें आ गई है। घटना मध्य रात्रि एक बजे की बताई जा रही है। जिस छत पर यह बिजली गिरी थी वह एक बड़ा हॉल था, जिसमें टेंट का सामान रखा गया था। यह मकान जयरूदीन इदरीशी का है। वह प्रखंड के सबसे बड़े टेंट व्यवसायी हैं। उन्होंने अपने छत पर एक बड़ा कमरा बना उसे पत्थर पटिया से ढाल दिया था। जिसका उपयोग वह अपने टेंट हाउस के गोदाम के रूप में करते थे। मध्य रात्रि तेज हो रही तेज बारिश के दौरान ही उसके गोदाम की छत पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे पूरा गोदाम जमींदोज हो गया है। छत पर लगाए गए पत्थर के पटिया नीचे गिर गए हैं।

पीड़ित जयरूदीन की मानें तो इस घटना में करीब 8 लाख रूपए के सामान नष्ट हो गए है। रात में तेज धमाका सुन आस पास के लोग इकट्ठा हो गए थे। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सूचना मिलते ही गुरुवार की सुबह प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह और बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा मौके पर पहुंच स्थिति का मुआयना किए। प्रखंड प्रमुख ने पीड़ित परिवार को मुवावजा दिलाने का आश्वासन दिया है। वहीं नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि घटना की जांच करवाई जा रही है।

## मुसाफिरगंज इलाके में आठ दिन के अंदर तीसरी बार हुई घटना

# बक्सर में वार्ड 14 के प्रतिनिधि के घर के बाहर चली गोली, दहशत

- फायरिंग करने वाले बदमाशों की शिनाख्त नहीं
- वार्ड पार्षद प्रतिनिधि के घर के बाहर दूसरी बार हुई फायरिंग

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर में अपराधी बेखौफ हो गए हैं। खासकर रेलवे स्टेशन से सटे मुसाफिरगंज इलाके में पिछले एक सप्ताह के अंदर अपराधियों ने तीन बार हवाई फायरिंग कर पुलिस प्रशासन को तगड़ी चुनौती दी है। खास यह कि अभी तक फायरिंग करने वाले अपराधियों की शिनाख्त भी पुलिस नहीं कर पाई है। जबकि दूसरी घटना के दौरान पुलिस के हाथ उनकी एक बाइक भी लगी थी। बावजूद अपराधियों की गिरफ्तारी की बात तो दूर पुलिस उनकी शिनाख्त भी नहीं कर पाई है। ताजा मामला बुधवार रात का है। मुसाफिरगंज निवासी तथा वार्ड 14 के पार्षद प्रतिनिधि व पूर्व पार्षद शशि गुप्ता के घर बुधवार की रात करीब 10.15 बजे अपराधियों ने चार राउंड फायरिंग कर दहशत फैलाया है। इसकी सूचना मिलते ही रात में ही नगर थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश शुरू कर दिए। पुलिस को मौके से तीन खोखा व एक कारतूस मिला है।



इसके पहले 2 अगस्त की रात भी शशि गुप्ता पर अपराधियों ने रात 11 बजे उस वक्त फायरिंग किया था जब वे उर्स मेले में शामिल होने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे। उनके दरवाजे के बाहर खड़ी लावारिश बाइक के संबंध में वे पुलिस को जानकारी दिए ही थे कि थोड़ी देर के अंदर ही तीन की संख्या में आए अपराधियों में से एक ने उनके सीने को निशाना बना फायरिंग की थी। संयोग से गोली मिस कर गई थी। जिस कारण उनकी जान बच गई थी। इस घटना की जानकारी उन्होंने पुलिस को दी थी।

वहीं इसके पहले 30 अगस्त की रात इसी मोहल्ले के अप्सरा होटल के पीछे मां काली मंदिर के पास एक युवक ने हवाई फायरिंग किया था। बावजूद पुलिस उसका सुराग नहीं लगा पाई थी। वहीं शशि गुप्ता के घर के पास पांच दिनों के अंतराल पर हुई दूसरी बार फायरिंग की घटना में भी पुलिस के हाथ खाली है। जिससे मोहल्लेवासियों में भय व्याप्त है।

वहीं लोगों में पुलिस की कार्यशैली के प्रति भी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि पुलिस की शिथिलता के कारण ही अपराधी बेखौफ हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात में पुलिस इस इलाके में गश्त नहीं करती है। जिस कारण अपराधी व तस्कर सक्रिय रहते है। जिस कारण सभ्य शरीफ लोगों का जीना मुहाल हो गया है। वही पुलिस का दावा है कि अपराधियों को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने कहा कि फायरिंग करने वाले अपराधियों की शिनाख्त की जा रही है। उन्हें जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### जन्माष्टमी पर राजगढ़ में सक्रिय रहा प्रशासन, फिर भी दर्जनों महिलाओं के चेन व पर्स की चोरी



**डुमरांव।** बुधवार की रात राजगढ़ परिसर स्थित बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी उत्सव के दौरान एक तरफ पुलिस प्रशासन काफी सक्रिय रहा तो दूसरी तरफ चोर उचक्कों की भी चांदी रही। बांके बिहारी मंदिर में हजारों की भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान दर्जनों महिलाओं से चेन, मंगलसूत्र तथा पर्स की चोरी की घटना हुई है। खास यह कि मंदिर परिसर से लेकर मुख्य गेट तक बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। लेकिन चोरों उचक्कों पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा बल्कि वे आराम से महिलाओं को अपना निशाना बना भीड़ में खिसक लिए। जब महिलाओं को इसकी जानकारी हुई तो वे रोते चिखते तथा चोरों को कोसते अपने घर लौटी। हालांकि पीड़ितों द्वारा इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज नहीं कराई गई हैं। जानकारी के अनुसार एक दर्जन से अधिक महिलाओं से चेन व पर्स स्नेचिंग की घटनाएं हुई हैं।

### आपसी विवाद में भींड़े दो पक्ष, कई जख्मी

**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नोनियापुरा गांव में आपसी विवाद में दो पक्ष आपस में भीड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडे व ईंट पत्थर चलाए गए। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के लोग जख्मी हुए है। एक पक्ष के अखिलेश प्रसाद ने दूसरे पक्ष के सुभाष प्रसाद, वीरबल प्रसाद, रामबाबू कुमार समेत कुल चार लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि अहले सुबह उसकी पत्नी शौच के लिए खेत में गई थी तो दूसरे पक्ष के लोग पहले से ही धान के खेत में छिपे थे तथा मेरी पत्नी के साथ छेड़खानी करने लगे। जब पत्नी ने इसका विरोध किया तो दूसरे पक्ष के लोग उसके साथ मारपीट करने लगे। आस पास में मौजूद महिलाओं के शोरगुल करने से उसकी आबरू बची। वही दूसरे पक्ष के ब्रह्मानंद केवट ने आरोप लगाया है कि पहले पक्ष के विनोद प्रसाद, संतोष, धनजी कुमार समेत कुल नौ लोगों ने घर में घुस महिलाओं व बच्चियों के साथ मारपीट किया है। पुलिस दोनों पक्षों के आवेदन को दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### सिद्धनाथ घाट के पास गंगा में दिखा घड़ियाल

**बक्सर।** बक्सर के सिद्धनाथ घाट के पास गंगा नदी में घड़ियाल दिखाई पड़ा है। बुधवार को औद्योगिक थाना क्षेत्र के अहिरौली के एक युवक को गंगा में घड़ियाल दिखाई पड़ा। जिसके बाद उसने अपने मोबाईल से उसका एक वीडियो भी बनाया। इस खबर की जानकारी मिलते ही लोगों में हड़कंप मच गया है। लोग अब बक्सर में गंगा स्नान से भी परहेज करने लगे है। बता दें कि पिछले वर्ष भी बरसात के दिनों में गंगा नदी में घड़ियाल देखे गए थे। तब सारिमपुर पुल से सिद्धनाथ घाट के बीच कई बार लोगों ने घड़ियाल दिखाई पड़ने की जानकारी दी थी। वही इस बार भी बरसात में घड़ियाल दिखाई पड़ने के बाद लोगों में खौफ बना हुआ है।

# डुमरांव में नो योर पुलिस नो योर पीपुल अभियान की शुरुआत, घर-घर पहुंच रहे पुलिस अधिकारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव पुलिस ने घर-घर जाकर पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरियों को कम करने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए पुलिस की टीम ने नो योर पुलिस-नो योर पीपुल अभियान शुरू किया है। इसके तहत पुलिस अधिकारी घर-घर जाकर लोगों से बातचीत कर उनके परिवार की जानकारी और समस्याओं से अवगत हो रहे हैं ताकि उसका निराकरण किया जा सके। पुलिस के इस अभियान से अपराध नियंत्रण में सहूलियत होगी। इस अभियान के तहत पुलिस की टीम हर घर का मोबाइल नंबर और कितने सदस्य हैं, क्या करते हैं इसका उत्तर तैयार करने में जुटी है।

थानाध्यक्ष विंदेश्वरी राम सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने मुख्य सड़क के दोनों तरफ के घरों और दुकानों पर जाकर उनसे बात करते दिखे। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस अभियान से यह फायदा होगा कि पब्लिक से पुलिस की दूरियां कम होगी और हमारा मैन्युअल इंटलीजेंस भी मजबूत होगा। हम सबका प्रयास रहेगा कि व्यवसायियों और युवाओं का नंबर लेकर एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाये ताकि सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके। हर घर की समस्याओं की जानकारी मिल सके और उसे दूर करने का प्रयास किया जाये। सक्षम लोगों से सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की जा रही है। जनसहयोग से अपराध नियंत्रण होगा। लोगों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े और आम लोग निडर होकर अपनी समस्या पुलिस के समक्ष रख सकें। पुलिस का मानना है कि स्थानीय शहर में रहने वाले छात्रों, किरायेदारों, मोहल्ले में डर या भय का माहौल पैदा करने वाले या शराब तथा मादक पदार्थों की सेवन का बिक्री करने वाले लोगों के बारे में जानकारी मिल सकेगी।



**डीआईजी ने दिया था निर्देश:** हाल ही में बक्सर पहुंचे शाहाबाद रेंज के डीआईजी नवीन चंद्र झा ने एसपी कार्यालय में जिलेभर के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा शुरू किए गए नो योर पुलिस अभियान को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा था कि आम पब्लिक के सहयोग के बिना अपराध नियंत्रण संभव नहीं है। इस निर्देश के बाद बक्सर पुलिस अब नो योर पुलिस अभियान को धरातल पर उतारना शुरू कर दी है।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष:** डुमरांव में नो योर पुलिस अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का मकसद आम जनता और पुलिस के बीच की दूरी को पाटना है। ताकी जनता का पुलिस पर भरोसा बढ़े। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा इसे जारी किया गया है। जल्दी ही शहर के प्रत्येक घर पुलिस दस्तक दे लोगों को विश्वास दिलाएगी कि पुलिस आपके सहयोग के लिए है तथा आपके सहयोग के बिना पुलिस का काम भी संभव नहीं होगा। – **विंदेश्वरी राम, थानाध्यक्ष, डुमरांव**

## सड़क दुर्घटना में जख्मी किशोर की मौत, पसरा मातम

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के सिमरी बड़का राजपुर पथ पर अज्ञात वाहन के धक्के से एक 15 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजनों द्वारा इलाज के लिए उसे जिला मुख्यालय ले जाया गया था जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के खंधरा गांव निवासी सभापति यादव का 15 वर्षीय पुत्र दीपू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह बुधवार को अपनी बहन का ससुराल छोटका राजपुर गांव गया था। शाम में पैदल ही छोटका राजपुर से अपने गांव खंधरा जा रहा था। रास्ते में राजा के बागीचे के पास अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। जानकारी मिलते ही परिजन गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए बक्सर ले गए। जहां इलाज के दौरान रात एक बजे किशोर ने दम तोड़ दिया। इस घटना से पीड़ित परिवार काफी मर्माहत है। गुरूवार को सुबह उसका अंतिम संस्कार किया गया। इधर पूरे दिन घर में रोने चिखने की आवाजे आती रही। परिजनों के क्रंदन चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। हालांकि उसे टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं चल सका है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर चौगाई दक्षिण पट्टी मोहल्ला में हुआ कार्यक्रम

# श्रीमद्भागवत कथा व भजन संध्या का आयोजन

**केटी न्यूज/चौगाई**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बुधवार को चौगाई दक्षिण पट्टी मोहल्ला में भव्य भागवत कथा एवं संगीत का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में कथा वाचिका किशोरी प्रज्ञा पांडे व संगीत गायक अशोक मिश्र अभिनंदन ओझा पायल मलिक के साथ-साथ अन्य गायकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ से पहले श्रीकृष्ण जन्मोत्सव आधारित किशोरी प्रज्ञा पांडे द्वारा कथा वाचन किया गया। दर्शकों ने कथा का रसपान किया। जिसमें वादक की



भूमिका जोड़ी पर अखिलेश पांडेय, नाल पर उमाशंकर, हारमोनियम पर विपुल दुबे, बैजू पर छठ्ठू, किलारनेट पर मास्टर मुनी आदि द्वारा निभाई गई। उसके बाद उपस्थित गायको द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव से संबंधित भजन पेश किया गया। जिस पर श्रोता झूम उठे। कार्यक्रम का नेतृत्व चंद्रशेखर सिंह द्वारा किया गया। जिसमें ग्रामीणों का सहयोग रहा। मंच संचालन की भूमिका बीएचयू छात्रा विजयलक्ष्मी व पिंटू सर द्वारा निभाई गई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ कुमार पंकज, डुमरांव विधायक अजीत कुमार सिंह, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शीला त्रिवेदी, कुमार विजय, डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी, डुमरांव इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद, एएसआई राज कुमार सिंह, जिला परिषद बंटी शाही, रामपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय, खेवली मुखिया राजीव कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



08.09.23_08.09.23.qxd 9/8/2023 12:06 AM Page 4



# गृह भ्रमण कर लाभुक महिलाओं को पोषण के प्रति करें जागरूक: डीपीओ

**केटी न्यूज/बक्सर**

प्रत्येक साल सितंबर को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। जिसके तहत जिले के सभी परियोजनाओं में आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पूरे माह आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों, लाभुक महिलाओं और किशोरियों को एनीमिया और कुपोषण को दूर करने के साथ पोषण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस क्रम में गुरुवार को तय कार्यक्रम के अनुसार गोद भराई उत्सव सह सुपोषण दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रंजना कुमारी ने सदर परियोजना अंतर्गत केंद्र संख्या 94 ठोरा अनु. जाति टोला आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। डीपीओ ने गर्भवती महिलाओं को फल, फूल गोदभराई सामग्री इत्यादि उपहार स्वरूप भेंट किया। साथ ही, डीपीओ ने सेविका के साथ आंगनबाड़ी केंद्र के पोषण क्षेत्र में गृह भ्रमण भी किया। उन्होंने सभी सेविकाओं को 9 सितंबर तक गृह भ्रमण कर सभी लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इस दौरान वार्ड अध्यक्ष जन प्रतिनिधि, महिला पर्यवेक्षिका, सेविका, सहायिका तथा परिवार के अन्य सदस्यों की उपस्थिति हुए।

❐ आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया गया गोद भराई उत्सव सह सुपोषण दिवस



**गर्भवतियों को 180 आयरन की गोलियां लेनी चाहिए :** डीपीओ रंजना कुमारी ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पोषण का प्रतिदिन सेवन करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं, मौसमी फलों व सब्जियों के सेवन से होने वाले पोषण लाभ के प्रति महिलाओं को जागरूक भी किया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं में खून की कमी से बचने के लिए गर्भवतियों को 180 आयरन की गोलियां लेनी चाहिए। बेहतर पोषण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रत्येक माह की सात तारीख को आंगनबाड़ी केंद्र पर सात से नौ माह की गर्भवतियों की गोद भराई कराई जाती है। गर्भावस्था में प्रतिदिन हरी साग-सब्जी, मूंग का दाल, सतरंगी फल, सूखे मेवे एवं दूध, सप्ताह में दो से तीन बार अंडे, मांस, महिलाओं को खाना चाहिए। डीपीओ ने कहा कि गर्भवती और धात्री महिलाएं नियमित रूप से समुचित मात्रा में पौष्टिक आहार लिया करें। नियमित रूप से प्रसव पूर्व जांच करती रहे। प्रसव पश्चात एक घंटे के अंदर शीघ्र स्तनपान शुरू करने संबंधी परामर्श दिए गए।

**सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत है इस वर्ष की थीम :** डीपीओ ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान समग्र रूप से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों व 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर में सुधार लाना है। इस वर्ष 'सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत' पोषण माह की थीम निर्धारित की गई है। जिसके तहत स्तनपान एवं ऊपरी आहार के लिए परामर्श व जागरूकता गतिविधि, स्वस्थ्य बालक-बालिका प्रतिस्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मेरी माटी मेरा देश अभियान, जनजातीय केंद्रीत क्षेत्रों में पोषण संवेदीकरण के लिए उन्मुखीकरण तथा एनीमिया प्रबंधन पर परीक्षण, उपचार एवं चर्चा को लेकर गतिविधियां आयोजित की जानी है।

## फोन कर लोगों को धमकाने वाले गिरोह का हुआ खुलासा, हथियार बरामद

# लोगों को धमकाने वाले गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार, हथियार बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के कृष्णगढ़ ओपी की पुलिस की ने अपनी सक्रियता की बदौलत वारदात को अंजाम देने से पहले ही दो बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जिनको गुरुवार की सुबह हथियार का भय दिखाकर लोगों को डराते-धमकाते पकड़ा गया है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी पिस्टल, एक गोली और एक मोबाइल बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाशों में कृष्णगढ़ ओपी के सरैंया गांव निवासी सुरेंद्र महतो का बेटा सोनू कुमार तथा लाला के टोला निवासी संतोष सिंह का बेटा सिंटू कुमार शामिल है। दोनों बदमाश लोगों को फोन कर फोटो भेज कर डराते-धमकाते थे। जिसकी सूचना पर कार्रवाई की गई और उनको गिरफ्तार किया गया।

मामले में एएसपी चंद्रप्रकाश ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि गुरुवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे सूचना मिली कि सरैंया गांव में अपराधी तत्व के कुछ युवक हथियार लेकर घूम रहे हैं और आसपास के लोगों को डरा धमका रहे हैं। उस आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए ओपी इंचार्ज विवेक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर सोनू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से देसी पिस्टल और गोली बरामद किया गया। उसकी निशानदेही पर लाला के टोला गांव में छापेमारी कर सिंटू कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। शुरूआती जांच में यह बात सामने आयी है कि दोनों लोगों को फोन कर और फोटो भेजकर डराते-धमकाते थे। दोनों बदमाशों के एक गिरोह से जुड़े होने की भी बात सामने आयी है। उस बारे में दोनों से पूछताछ की जा रही है। गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान और धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है। गिरोह के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।



■ गैंग के अन्य सदस्य की पहचान और धरपकड़ में जुटी पुलिस

## 12 घंटों में अपहृत व्यक्ति हुआ बरामद
## बाप-बेटे समेत तीन अपराधी गिरफ्तार

आरा। बिहिया थाना क्षेत्र के स्थानीय शहर से अगवा एक शख्स को 12 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया गया। शख्स की बरामदगी कोईलवर थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव स्थित एक आम के बागीचे से की गयी। अपहरण में शामिल बाप-बेटे समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें कोईलवर थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव निवासी कुख्यात साहेब पासवान, उसका बेटा राहुल पासवान और जगदीशपुर थाने के जगदीशपुर गांव निवासी मनोज पांडेय शामिल हैं। उनके पास से अपहरण में इस्तेमाल कार भी बरामद की गयी है। अपहृत व्यक्ति बिहिया थाना क्षेत्र के फिनगी गांव निवासी संजय कुमार ओझा है।

पुलिस की शुरूआती जांच में पैसे की लेनदेन के विवाद में उनको अपहरण किये जाने की बात सामने आ रही है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि फिनगी गांव निवासी संजय कुमार ओझा अपने पुत्र सूरज ओझा के साथ बिहिया से घर जा रहे थे। तभी बिहिया स्थित अपग्रेड मध्य विद्यालय के पास कार सवार तीनों अपराधियों ने संजय कुमार ओझा का अपहरण कर लिया। उसके बाद उनके बेटे सूरज कुमार ओझा ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। मामले को गंभीरता से लेते हुए अगवा शख्स की बरामदगी और अपराधियों की गिरफ्तारी को एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के जरिए कार के नंबर को लोकेट किया गया। उसके बाद तकनीकी सूत्र के जरिए तीनों अपराधियों को देर शाम करीब नौ बजे कोईलवर थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया गया।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**जहानाबाद।** हुलासगंज थाना क्षेत्र के मलहचक गांव के पास अनियंत्रित बाइक सवार ने 45 वर्षीया एक महिला को रौंद दिया। जिससे अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते मे ही उसकी मौत हो गयी। मृतक महिला की पहचान मखदुमपुर थाना अंतर्गत लालाबीघा गांव निवासी सीपी यादव की पत्नी महापती देवी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गुरुवार को महिला ऑटो से अपने मायके मुसौली जा रही थी, इस बीच रास्ते में दूसरी गाड़ी बदलने को लेकर वह सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रही बाइक सवार ने महिला को रौंदते हुए भाग निकला। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल महिला को स्थानीय लोगो की मदद से आनन फानन में अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मगध मेडिकल कॉलेज गया में रेफर कर दिया। लेकिन गया ले जाने के दौरान रास्ते मे ही महिला ने दम तोड़ दिया। वही घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, घटना की सूचना पुलिस को दी गयी है। पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी है।

## एक नजर

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बालिका खंड में नन्हे बच्चे व बच्चियों ने बिखेरी प्रतिभा



बक्सर। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नगर के सरस्वती विद्या मंदिर सिविल लाइंस में नन्हें बच्चे व बच्चियों ने कई कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं में शामिल हुई। जिसमें विद्या भारती विद्यालयों द्वारा सेवा बस्तियों में चलाए जा रहे 11 संस्कार केंद्रों व विद्यालय के कक्षा प्ले से कक्षा द्वितीय तक के कुल 203 छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन भोजपुर विभाग के विभाग प्रमुख बीरेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य बिमल कुमार पांडेय, प्रवासी कार्यकर्ता गंगा प्रसाद, परमेश्वर व अरुणा दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। रूप सज्जा कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने राधा-कृष्ण व कई अन्य देवी देवताओं तथा पौराणिक चरित्रों के वेश में गीत व नृत्य से सभी का मन मोह लिया।विभिन्न संस्कार केंद्रों से आए छात्र-छात्राओं ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें अजीत कुमार, आइशा प्रवीण और छोटी कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में नीतीश कुमार, अंशु कुमारी और रिया कुमारी तथा अंग्रेजी सुलेख में प्रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी और जागृति कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### डेंगू मरीजों के लिए जिले में 30 बेड संरक्षित

**बक्सर।** जिले में डेंगू के इलाजे के लिऐ जिले के अस्पतालों में 30 बेडे संरक्षित किया गया है। जिसमें सदरे अस्पताल का भी 10 बेड शामिल है। इलाज को लेकर जिले के स्वास्थ्य विभाग ने लगभग सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली है। लेकिन जिले में एक भी डेंगू के मरीज अभी तक नहीं मिले है। जिसके कारण संरक्षित वार्डे अभी पूरी तरह खाली पडा हुआ है। जिले में डेंगू से पीडित मरीजों का प्लेटलेट्स की जांच की व्यवस्था तो है लेकिने प्लेटलेट्स की कमी होने परे उन्हें हायरे सेंटरों पर रेफर किया जाएगा। जिले में प्लेटलेट्स की व्यवस्था नहीं है। जिले में प्लेटलेट्से की आवश्यकता वाले मरीजों को चढाने की व्यवस्था नहीं होने के कारण यह सुविधा नहीं मिल पाएगी। वहीं नगर में डेंगू को देखते हुए एंटी लार्वा का छिडकाव नहीं हो रहा है। वहीं नगर के मुख्य सडकों पर केवल फॉगिंग नगर परिषद करा रहा है। जिसका असरे नगर में बढे मच्छरों पर नहीं दिख रहा है। एंटी लार्वा के छिडकाव से मच्छरों के वृद्धि परे असर पड सकता है। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी के अनुसार नियमित साफ-सफाई की जा रही है। मॉनिटरिंग को लेकर सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है। जिससे साफ-सफाई पर निगरानी की जा सके। सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने बताया कि जिले में 30 बेड डेंगू के मरीजों के लिए संरक्षित किया गया है। वहीं डेंगू मरीजों की जांच की सुविधा है। विभाग के कर्मियों को एलर्ट मोड में रहने को लेकर निर्देश दिया गया है। जिले में प्लेटलेट्स की व्यवस्था नहीं की गई है। एडवांस इलाज की व्यवस्था से जुडा होने के कारण ऐसे मरीजों को अन्यत्र रेफर किया जाएगा।

## शिक्षा विभाग के द्वारा जारी प्रेस नोट पूरी तरह तथ्यहीन एवं भ्रामक: संघ

**जहानाबाद।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट) मूल के शिक्षक नेताओं ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा है कि मंगलवार को शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रेस नोट पूरी तरह से आधारहीन, भ्रामक एवं राज्य के जनता को गुमराह करने वाला है। सच्चाई यह है कि शिक्षक आरटीई के मानक 200 से 220 दिन से ज्यादा शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहकर शैक्षणिक कार्य का निर्वहन करते हैं।

विभाग ने कहा है कि चुनाव में विद्यालय में पुलिस बल का ठहरना, सांवन में कमरिया पथ पर स्थित विद्यालय को शैक्षणिक कार्य हेतु बंद करना एवं परीक्षा का कारण बताया जा रहा है। जबकि उपरोक्त कार्य हेतु बहुत ही सीमित विद्यालयों को सीमित दिनों के लिए होता। सरकारी निवामली में विद्यालय को अन्य कार्यों में नहीं लिया जाना है। इसके लिए पूरी तरह से सरकार दोषी है। आपदा का कुतर्क दिया जा रहा है। बाढ़ उत्तरी बिहार में कुछ दिनों के लिए होता है, लेकिन दक्षिणी बिहार में ज्यादातर सुखाड़ की स्थिति रहती है। विद्यालय बंद नहीं होते हैं। शीलहरी और लू में विद्यालय में शिक्षक उपस्थित रहते हैं। हकीकत यह है कि बिहार सरकार शिक्षकों की न्यायिक मांग राज्यकर्मी से ध्यान भटकाने के लिए तरह-तरह के अनर्गल, तथ्यहीन बयान दे रही है। आज बिहार में विभिन्न प्रकार के परीक्षा परिणाम में बिहार के बच्चे प्रगति कर रहे हैं, लेकिन सरकार एवं विभाग अपनी कमजोरी को छुपाने के लिए शिक्षकों पर तथ्यहीन आरोप लगा रहे हैं। शिक्षा में सुधार का दावा करने वाली सरकार का बयान झूठा है।

## भगवान श्री कृष्ण का जीवन सबसे अलौकिक व प्रेरणादायक: सुदय यादव

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला मुख्यालय में यादव सेवा समिति द्वारा शिवम राज दरबार में भगवान श्री कृष्ण का जन्म दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में पहुंचे सदर विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव राजद नेता कमलेश राय सहित यादव सेवा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भगवान श्री कृष्ण के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही, इस मौके पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया था।

इस संगोष्ठी में भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला गया। शिक्षा युक्त व झगड़ा मुक्त समाज निर्माण पर चर्चा की गई दूध युक्त व नशा मुक्त समाज पर प्रकाश डाला गया। वहीं,



यादव छात्रावास निर्माण पर बल दिया। इस मौके पर जहानाबाद के विधायक सुदय यादव सहित तमाम वक्ताओं ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा भगवान श्री कृष्ण का जीवन अलौकिक था। हमेशा सत्य की राह पर चलते थे हक इंसाफ के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया बाल्यावस्था से लेकर युद्ध अवस्था तक हमेशा संघर्ष करने वाले भगवान श्री कृष्ण से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। विधायक में सभी विषयों पर प्रकाश डालते हुए यादव छात्रावास के निर्माण में पूर्ण रूप से सहयोग देने की भी बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजेंद्र प्रसाद सुधाकर द्वारा किया गया मंच का संचालन राजेश कुमार द्वारा किया गया।

## या हुसैन की सदा और मातम के साथ अली नगर पाली में चेहल्लुम का हुआ समापन

# मुहर्रम के 40वें दिन निकला चेहल्लुम का जुलूस

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला मुख्यालय स्थित के अली नगर पाली में गुरुवार को चेहल्लुम जुलूस निकाला गया। यह जुलूस मुहर्रम के 40वें दिन निकाला जाता है। इस दौरान जुलूस में शामिल हुए सैयद सलमान हुसैन ने बताया कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में हर साल चेहल्लुम मनाया जाता है। वे पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नाती थे। जुलूस पाली इमामबाड़ा से कर्बला तक निकाला गया।

उन्होंने बताया कि जुलूस में काफी लोगों ने हिस्सा लिया। बताया जाता है कि हजरत इमाम हुसैन अपने लश्कर के साथ कर्बला में लड़ रहे थे। तब मोहर्रम महीने की



10 तारीख को वे यजीदियों से लड़ते-लड़ते शहीद हो गए थे। इमाम हुसैन हजरत मोहम्मद, सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम के नवासे थे, जिनकी कुबार्नी के ठीक 40 दिन के बाद चेहल्लुम मनाया जाता है। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग इमामबाड़ा में इकट्ठा होकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत की दास्तां सुनते हैं और अपने आप को गमजदा महसूस करते हैं। इसके साथ हजरत इमाम हुसैन की याद में लोग सबिल का इंतजाम करते है।

उल्लेखनीय है कि अलीनगर पाली इमामबाड़े में डॉ. इशाद हसन मासूमी द्वारा मजलिस और सैयद सलमान हुसैन के द्वारा अलवीदाई नौहा पढ़ा गया। उसके बाद जुलूस अली नगर पाली के विभिन्न स्थलों से होते हैं कर्बला पहुंचा। जहां सैयद मुबारक हसन ने नौहा पढ़ा। इस दौरान सैयद अलमदार हुसैन, शियावक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मोहसिन अली मासूमी, अकबर इमाम, अहद काजमी, नन्हे इमाम, मोहम्मद मासूमी, आरिफ मासूमी, मुनव्वर हुसैन, आदिल हसन, तालिब हसन, हामिद हुसैन, मुन्ना अकबरी, शादमान काजमी सहित सैकड़ों अकीदतमंद मौजूद थे।

## लोजपा-रा ने शुरू किया सदस्यता अभियान

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड के खसखोरी में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जहानाबाद सह पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार ने पार्टी की सदस्यता अभियान शुरू की। जिसमें राजद नेता अभिराम पासवान बेला-वीरा पंचायत के पूर्व मुखिया कमलेश शर्मा, प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ता टूना शर्मा के साथ सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी ने बिहार में चिराग पासवान के मॉडल को अपनाने का संकल्प लिया। डॉ अरुण कुमार ने पार्टी के कार्यकताओं को 50000 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है। साथ ही, जन-जन तक चिराग पासवान के विजन को पहुंचाने का आह्वान किया है। कार्यक्रम में पार्टी के नेता रणधीर कुमार, राजेश शर्मा, कर्तव्य कुमार ज्योति, उमाशंकर शर्मा, संतोष कुमार, जय मंगल ठाकुर, अर्जुन शर्मा, राजीव शर्मा, बीके सिंह व अन्य मौजूद रहे।

fssai
ISO 22000 : 2018
ISO 9001 : 2018
दियरांचल प्रीमियम
कच्ची घानी सरसों तेल...
आइए जानें सरसों के तेल के क्या फायदे हैं
• इम्यूनिटी को करता है बूस्ट सरसों का तेल शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाने का भी काम करता है।
• त्वचा के लिए सरसों का तेल अच्छा माना जाता है।
• आंखों के लिए...
• वजन कम करने में मददगार....
• पेनकिलर की तरह काम करता है...
• दांत के दर्द में कारगर...
• भूख बढ़ाने का काम करता है...
रसोई की शान शुद्धता की पहचान
100% PREMIUM QUALITY
सत्यापित जैविक उत्पाद
100 फिसदी पोषक तत्व मौजूद
500 ml | 1 Ltr | 2 Ltr | 5 Ltr | 15 Ltr
For Trade Enquiry Please Contact us - 9122449957

बेटी पढ़ाओं -बेटी बचाव बेटी पढ़ाओं -बेटी बचाव बेटी पढ़ाओं -बेटी बचाव
श्रेया अल्ट्रासाउण्ड सेंटर
SHREYA IMAGINE & RESEARCH CENTRE
BUXAR
COLOUR DOPPLER
MOB : +91 9576655935
पता
टेम्पू स्टैंड के पीछे
नेहरू नगर, नहर पर (बक्सर)
संतोष कुमार
व्यवस्थापक
नोट - भ्रूण जांच कानून अपराध है इसलिए यहां नही होती है जांच

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

बलिया-मऊ

बक्सर, 08 सितंबर 2023

website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# जनपद में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर के साथ ग्रामीण इलाकों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न जगहों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कारागार,पुलिस लाइन सहित जनपद के समस्त थानों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। विद्वत ब्राम्हणों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अन्य देवों के पूजन-अर्चन के पश्चात मध्य रात्रि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। तत्पश्चात भृगु नगरी भय प्रकट कृपाला, दीन दयाला से गूंज उठी। भगवान का जन्म होने के बाद भक्तों भगवान का विधि विधान से पूजन-अर्चन तथा आरती किया। नगर पंचायत रेवती के विभिन्न मन्दिरों, घरों सहित थाने में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



थाना परिसर में स्थित मन्दिर प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने विद्वत ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन अर्चन किया। इस दौरान थाना प्रांगण में हरिनाम संकीर्तन का भी आयोजन किया गया। भव्य भण्डारे में आगंतुकों ने श्रद्धा पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। बांसडीह कोतवाली परिसर में बड़े ही धूम धाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। इस मौके पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर थाना परिसर को बड़े ही आकर्षक तरीके से सजाया गया था। इसके साथ थाना परिसर में स्तिथ मंदिर में विधि विधान से भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। वहीं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। थाना परिसर में आये सभी आगन्तुकों को थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने स्वागत किया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर लोग आस्था में डूबे रहे। इसके अलावा जनपद के सहतवार, नगरा, मनियर, बैरिया, रसड़ा, फेफना, नरहीं, दोकटी, हल्दी आदि थानों सहित देवालयों एवं लोगों ने अपने घरों, सार्वजनिक जगहों पर श्रद्धा पूर्वक श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान देवालयों सहित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पांडाल आकर्षक तरीके से सजाया गया था। विभिन्न झांकियां लोगों को बरबस अपने तरफ आकृष्ट कर रही थी।



## फर्जी तरीके से सरकारी नौकरी लेने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

**बलिया।** शहर कोतावली पुलिस ने सिविल कोर्ट के पास से गुरुवार की दोपहर एक बजे फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किसी और से परीक्षा दिलाकर सरकारी नौकरी लेने वाला आरोपी को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि विनोद कुमार गुप्ता केन्द्रीय नाजिर, सिविल कोर्ट बलिया द्वारा शहर कोतवाली में लिखित शिकायती पत्र के आधार पर इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा बीते 16 मई 2023 के द्वारा समूह घ के 31 कर्मी नियुक्त कर बलिया जनपद को इस आशय से भेजे गये थे कि उनकी पहचान व दस्तावेज का सत्यापन कर नियुक्ति प्राधिकारी जिला जज नियुक्ति पत्र जारी करें। इसी क्रम में एक अभ्यर्थी महेन्द्र कुमार मौर्य, पुत्र- राम दुलार मौर्या निवासी ग्राम निवासी एतमादपुर थाना फुलपुर जनपद प्रयागराज को नियुक्ति पत्र जारी किया गया और दिनांक 22 जून 2023 में इस अभ्यर्थी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में प्रस्तुत की। बीते 06 सितंबर 2023 को सलेक्टिंग एथारिटी ने इस बिन्दु पर अभ्यर्थियों का आकस्मिक परीक्षण किया, जिसमें महेन्द्र कुमार मौर्या का फोटो व उच्च न्यायालय के पोर्टल पर उपलब्ध फोटो में भी भिन्नता पायी गयी।

# निंदनीयः जिला अस्पताल में मरीज को डॉक्टर ने टांग कर किया बाहर

**केटी न्यूज/बलिया**

जिला अस्पताल के इमरजेंसी से एक बार फिर से मानवता को शर्मसार कर देने वाला वीडियो वायरल हुआ है। दर्द के मारे फर्श पर लेटकर कराह रहा मरीज का इलाज करने के बजाय चेंबर में तैनात चिकित्सक ने टांगकर बाहर कर दिया। इतना ही नहीं तीमारदार का आरोप यह भी है चिकित्सक द्वारा मरीज तथा तीमारदार दोनों के साथ दुव्यर्वहार किया गया है। अब सवाल यह उठता है कि उत्तम स्वास्थ्य व्यवस्था का दंभ भरने वाली भाजपा सरकार में जिला अस्पताल में तैनात चिकितस्क इतना बेलगाम कैसे हो सकते हैं।

जिला अस्पताल के इमरजेंसी में गुरुवार की सुबह लगभग 10 बजे एक मरीज को चिकित्सक द्वारा उसे बैठाकर इलाज करने के बजाय इमरजेंसी स्थित चिकित्सक के चेंबर रूम से टांग कर बाहर कर दिया गया। मरीज का पेशाब रूक गया था, छोटे भाई नगवा निवासी अमरनाथ कुमार ने आरोप लगाया कि उनके बड़े भाई का पेशाब रूक जाने के कारण



असहनीय दर्द हो रहा था, किसी तरह गांव से इमरजेंसी में लाया तो बैठने की जगह भी नहीं थी और असहनीय दर्द के मारे इमरजेंसी में स्थित चिकित्सक के चेंबर के फर्श पर लेटकर दर्द से कराह रहा था। लेकिन डाक्टर द्वारा उसे तत्काल बैठाकर दर्द निवारक सुई आदि लगाने के बजाय डाक्टर द्वारा टांगकर चेंबर रूम से बाहर कर दिया गया। आरोप यहां तक है इमरेंजसी में तैनात डाक्टर अनुराग सिंह द्वारा बदतमीजी भी की गई है।

सीएमएस एसके यादव ने बताया कि ऐसा कोई वीडियो अभी तक मेरे संज्ञान में आया नहीं है, पीड़ित लिखित शिकायत दें, संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### घोसी विधानसभा उपचुनाव-2023 की मतगणना आज, प्रशासनिक तैयारी पूरी

# मतगणना स्थल में इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स व हथियार पर रहेगा प्रतिबंध

**केटी न्यूज/मऊ**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव ने बताया कि 354-घोसी विधानसभा उप निर्वाचन-2023 की मतगणना कल प्रातः 8:00 बजे से मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट भवन में होगी। मतगणना स्थल तक पहुंचने के लिए निम्नवत व्यवस्था रहेगी। प्रेक्षकगण, रिटर्निंग अफिसर, सहायक रिटर्निंग आफिसर, अन्य अधिकारीगण व गणना कर्मचारी अन्य शासकी अधिकारी व कर्मचारी (जिनको ड्यूटी गणना में किसी भी प्रयोजन में लगी हुई है) गेट नं- 2 से प्रवेश करके गणना परिसर तक जाएंगे। प्रत्याशीगण, निर्वाचन अभिकर्ता, गणना अभिकताओं तथा पत्रकारगण, जिनके पास सक्षम अधिकारी के स्तर से जारी पास होगा का प्रवेश गेट नंबर 4 से होगा। मतगणना हाल में अग्नेय अस्त्र-शस्त्र, माचिस की डिब्बी, बीड़ी, सिगरेट, पान गुटका इत्यादि समस्त मादक सामग्रियां, मोबाइल फोन, वीडियो कैमरा समस्त प्रकार के इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स (समार्ट वाच, इयरफोन इत्यादि) तथा झोला-अटैची, ब्रीफकेस इत्यादि), पानी का बोतल आदि वस्तुएं ले जाना वर्जित रहेगा। उन्होंने बताया कि उक्त सूचना



सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों व प्रत्याशियों की जानकारी हेतु निर्गत की जा रही है।

**मतगणना के लिए 19 टीम का चयन, 14 टेबल पर काउंटिंग :** विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत जनपद के विधानसभा क्षेत्र घोसी में सकुशल मतगणना संपन्न कराने के लिए मतगणना कार्मिकों का द्वितीय रैंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट सभागार स्थित एनआईसी कक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक बेनहुर महेश दत्त इक्का, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार, पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर के समक्ष संपन्न हुआ। ज्ञातव्य है कि मतगणना कार्य हेतु कुल 19 मतगणना टीमों का चयन किया गया है। जिनमें से एक-एक मतगणना टीम आरओ एवं एआरओ हेतु तथा तीन मतगणना टीम रिजर्व के रूप में रहेगी। शेष 14 मतगणना टीमें निर्धारित 14 टेबलों पर मतगणना कार्य संपन्न करेंगी।

**बदली गई ईवीएम मशीनों की जानकारी पार्टी उम्मीदवारों को दी :** प्रेक्षक की अध्यक्षता में मतदान के दौरान तकनीकी कारणों से बदली गई ईवीएम मशीनों की जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को देने के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के उपरांत प्रेक्षक ने मदरसा अरबिया ज्याउल ओलूम अदरी के बूथ संख्या-428, प्रा. विद्यालय नदवाखास के बूथ संख्या-102, कम्पोजिट विद्यालय मिश्रौली के बूथ संख्या-111 बूथों पर मतदान के दौरान तकनीकी कारणों से बदली गई ईवीएम मशीनों की जानकारी पार्टी उम्मीदवारों को दी गई। तत्पश्चात प्रेक्षक द्वारा औसत मतदान से 15 प्रतिशत अधिक होने वाले मतदान वाले कुल 07 बूथों के जैसे प्रापा यूसुफपुर के बूथ संख्या-412, पंचायत भवन जमीन डाड़ी के बूथ संख्या-402, प्राथमिक पाठाशाला कुचहरा के बूथ संख्या-93 प्राथमिक पाठशाला अल्लीपुर के बूथ संख्या-374, मद-30 मोहम्मदिया बडागांव के बूथ संख्या-146, प्रा. पाठशाला बलुआ के बूथ संख्या-85, कम्पोजिट विद्यालय चकरामजी के बूथ संख्या-411 एवं औसत मतदान से 15 प्रतिशत कम होने वाले मतदान वाले कुल 5 बूथों के जैसे प्रा. विद्यालय हमीदपुर के बूथ संख्या-269, प्रा. विद्यालय कन्धारी के बूथ संख्या-454 व 455 धनौती कन्या उच्चतर मा. विद्यालय धवरियासाथ के बूथ संख्या-295 एवं कन्या प्राथमिक विद्यालय फतहपुर के बूथ संख्या-275 के 17-ए रजिस्टर और पीठाशीन की डायरी की स्कूटनी की गई। स्कूटनी के दौरान मतदान के संबंध में कोई भी विसंगति नहीं पायी गई अतः इस आधार पर रिपोलिंग की आवश्यकता किसी के द्वारा सामने नहीं प्रस्तुत की गई।

## एआरटीओ ने दर्जनों स्कूली वाहनों पर काटा लाखों का चालान

**बलिया।** स्कूलों में संचालित डग्गमार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाते हुए एसआरटीओ अरूण कुमार राय ने लगभग एक दर्जन स्कूली वाहनों के खिलाफ लाखों रूपए का चालान काट दिया। सबसे ज्यादा चालान रसड़ा स्थित सन फ्लावर स्कूल के वाहन, लगभग 80 हजार रूपए का चालान काटा गया। कार्रवाई की जद में कोलंबस स्कूल से लेकर आदि शक्ति विद्यापीठ, नगीना ज्ञान ज्योति, सन शिक्षा सेवा ट्रस्ट में संचालित वाहनों पर भी हजारों रूपए का चालान काटा गया। एआरटीओ की इस कार्रवाई से स्कूल संचालकों में हड़कंप की स्थिति है। बीते कुछ महीने में स्कूली बस से दर्जनों हादसे हो चुके हैं। बानगी के तौर अभी कुछ दिन पहले अगरसंडा स्थित एक प्रतिष्ठित विद्यालय की बस पलट गई थी, जिससे लगभग आधा दर्जन बच्चों को चोटें आई थी। वहीं अभ्री कुछ ही दिन पहले तीखमपुर में एक स्कूली बस की चपेट में आने से एक शिक्षक की मौत हो गई थी।




### महिलाओं ने कोतवाली में किया प्रदर्शन

**बलिया।** धोखाधड़ी के विरोध में मिड्ढी मुहल्ले की दर्जनों महिलाओं ने गुरुवार को कोतवाली में पहुंचकर प्रदर्शन किया। दोषी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की। महिलाओं का आरोप है कि मिड्ढी चौराहे के ही एक परिचित आदमी हम महिलाओं के आधार कार्ड, पैनकार्ड का इस्तमाल कर तथा अंगूठा लेकर विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से लोन उतरवारकर वह पैसा हम लोगों को झांसे में लेकर लूट लिया और अब फरार चल रहा है। चूंकि आरोपी हम लोगों को पैसा के एवज में एक मॉल में काम देने का वादा दिया था। काम के झांसे में आकर महिलाओं ने लोन का पैसा उनको दे दिया।

## देश में केवल नाम पर चर्चा हो रही, काम पर नहींः शमीम

**केटी न्यूज/बलिया**

इंडिया और भारत के नाम पर उपजे विवाद के मुद्दे पर गुरूवार को एआईएमआईएम के प्रदेश संयुक्त सचिव ने तीखा हमला बोला है। कहा कि राजग और कांग्रेस प्लस गठबंधन के पास अब कोई मुद्दा नहीं रह गया है,सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में सियासत के स्तर को गिराते जा रहे हैं।



◆देश के नाम पर सियासत करने वाले सब सियासी जोकर हैं

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने इंडिया के नाम पर दाखिल याचिका को तीन साल पहले ही खारिज कर चुकी है, जिसका हम स्वागत करते हैं। भारत, हिंदुस्तान, इंडिया, जंबू दीप, आर्यव्रत सभी हमारे देश के ही नाम है कोई किसी भी नाम से पुकारे क्या फर्क पड़ता है। यह निकम्मी पार्टियां केवल नाम पर चर्चा कर रही हैं। काम पर चर्चा नहीं कर रही है। देश में बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ रही है। महंगाई बढ़ रही है। नौजवान उपेक्षित महसूस कर रहा है,लेकिन ये पार्टियां बेकार के फर्जी मुद्दों पर सियासत कर रही हैं। जिनका समाज से कोई लेना-देना नहीं है, इस्लाम को मिटाने वाले, सनातन को मिटाने वाले, हिंदू राष्ट्र, मुस्लिम राष्ट्र के नाम पर सियासत करने वाले सब सियासी जोकर हैं। जिनका कोई अस्तित्व नहीं है, देश की जनता इन्हें देख रही है और आने वाले चुनाव में इनको करारा जवाब देगी।

### जिला महिला चिकित्सालय में किशोर किशोरी स्वास्थ्य को लेकर कार्यशाला आयोजित

# किशोर-किशोरी के मनोभाव को समझ करें इलाज

**केटी न्यूज/मऊ**

किशोर एवं किशोरियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नंद कुमार के निर्देश पर जिला महिला चिकित्सालय के सभागार में पीएसआई इंडिया के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. चंद्रा सिन्हा ने की उन्होंने कहा कि किशोर और किशोरी हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग है। अगर यही अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर उलझे रहेंगे तो आने वाले भविष्य का निर्माण अपरिपक्व होगा। इसलिए हमें स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले किशोर किशोरियों के मनोभाव को समझना होगा और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का निराकरण करना होगा।

उन्होंने अपने सभी स्टाफ को निर्देशित भी किया कि महिला चिकित्सालय में भी अब हर माह की 8 तारीख को किशोर किशोरी दिवस मनाया जाएगा। जिसमे आने वाले सभी किशोर और किशोरीयों को बेहतर सुविधा प्रदान करने में अपना अहम रोल अदा करें। डीईआइसी मैनेजर अरविन्द कुमार वर्मा ने कहा कि किशोर स्वास्थ दिवस जो की हर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ केन्द्रों पर प्रत्येक माह की 8 तारिक को मनाया जाता है। इस दौरान उन्होंने किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, शारीरिक परिवर्तन संबंधी जानकारी, कुपोषण से कैसे निपटा जाए, एनीमिया, साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड, हिंसा मुक्त जीवन और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।



**किशोर आयु वर्ग हमारी आबादी का पांचवां हिस्सा :** कार्यशाला की शुरूआत पीएसआई इंडिया के केवल सिंह सिसोदिया ने की और उन्होंने बताया कि किशोर आयु वर्ग 10 से 19 वर्ष के आयु वर्ग को कहा जाता है जो की हमारी आबादी का पांचवां हिस्सा जो की लगभग 22% है इस आयु वर्ग के लोग बगैर किसी जानकारी व देखभाल के अभाव में अपने जीवन के सबसे संवेदनशील व गंभीर दौर से गुजरते हैं और यह एक ऐसा वर्ग है जिसे हम सभी मिलकर सही दिशा देकर उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति बदल सकते हैं। किशोरों को इस आयु वर्ग में तेजी से होने वाले शारीरिक व मानसिक विकास के कारण अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है और हम सब इस आयु वर्ग को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने तथा उनका सही मार्गदर्शन करना हमारे लिए न केवल चुनौती है अपितु एक महत्वपूर्ण उतरदायित्व भी है।



# गाजीपुर के चिकित्सकों ने इराक में तीसरी बार तिरंगा लहराते हुए पूरी की यात्रा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के शम्मे गौसिया आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज सहेड़ी के दो चिकित्सकों ने इस साल भी इराक की धरती पर धार्मिक यात्रा के दौरान करीब 90 किमी तक तिरंगा लहराते हुए पैदल यात्रा पूरी की।

बता दें कि ईराक में मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन अली सलाम साहब के शहादत में नफ्ज से कर्बला तक 90 किमी की धार्मिक यात्रा में तिरंगा लहराया गया। यह कार्य गाजीपुर के दो चिकित्सक डा० जफर इमाम और डा० सुहेल नैय्यर ने किया। इस संबंध में बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि यात्रा मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन अली सलाम साहब के शहादत पर नफ्ज से कर्बला तक निकाली जाती है। जिसमें पूरे विश्व के इंसानियत परस्त लोग शामिल होते हैं। इस संबंध में शम्मे गौसिया ग्रुप आफ मेडिकल कालेजेस के संस्?थापक चेयरमैन डॉ० आजम कादरी ने बताया कि आयुर्वेदिक


मेडिकल कालेज सहेड़ी के दो चिकित्सक डॉ० जफर इमाम और डा० सुहेल नैय्यर ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए इस धार्मिक यात्रा में लगातार तीसरे वर्ष भी भाग लिया।

वहां पर पूरे विश्व के इंसानियत परस्त लोग भाग लेते हैं। दोनों चिकित्सकों ने पूरे यात्रा के दौरान बड़े शान से भारत का तिरंगा लहराया और कहा कि हमें भारतीय होने पर गर्व है। दोनों चिकित्सकों ने मुल्क के विकास और शांति के लिए दुआ भी मांगी और इसके साथ ही अपने साथ ले गए जीवन रक्षक दवाईयों से यात्रा में शामिल लोगों का उपचार सेवा भी किया।

मेडिकल कॉलेज के निदेशक नैय्यर रिजवी ने बताया कि हमें अपने दोनों डाक्टरों पर गर्व है कि कर्बला में जाकर तिरंगा लेकर पूरे धार्मिक यात्रा को पूरा किया और सच्चा भारतीय होने का संदेश पूरी दुनिया को दिया। उन्होंने बताया कि इसमें डा० सुहेल नैयर हमारा पुत्र तथा डा० जफर इमाम हमारा दामाद है। ये दोनों विगत तीन वर्षों से कर्बला की इस 90 किमी की धार्मिक यात्रा में शामिल हो भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराते हुए मां भारती के सच्चे सपूत होने पर गर्व करते हैं।

## यात्रीगण कृपया ध्यान दें...

# 15 अक्तूबर तक नहीं चलेगी दानापुर आनंद विहार जनसाधारण एक्सप्रेस

- वाराणसी यार्ड रिमॉडलिंग के कारण तीन जोड़ी ट्रेनों को किया गया निरस्त

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**

यात्री गण कृपया ध्यान दें। यदि आप वाराणसी से होकर जाने वाली ट्रेनों से यात्रा करने वाले हैं तो सावधान हो जाएं। वाराणसी में यार्ड रिमॉडलिंग के तहत होने वाले एनआई के कारण तीन जोड़ी ट्रेनों को 15 अक्तूबर तक रद्द कर दिया गया है। इसमें अर्चना एक्सप्रेस और जनसाधारण एक्सप्रेस पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से होकर जाती है। ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को मुश्किल हो सकती है। ऐसे में यात्रा से पहले जानकारी लेकर घर से निकलें।

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि वाराणसी यार्ड रिमडलिंग कार्य के लिए एनआई किया जाना है। इसको देखते हुए तीन जोड़ी ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसके तहत पटना जम्मूतवी अर्चना एक्सप्रेस अप में 09, 12, 16, 19, 23, 26, 30 सितंबर, तीन, सात, दस और 14 अक्टूबर को रद्द रहेगी। वहीं डाउन में 10, 13, 17, 20, 24, 27 सितंबर,




एक, चार, आठ, 11 और 15 अक्टूबर को नही चलेगी। वहीं अप में दानापुर आनंद विहार जनसाधारण एकसप्रेस 11 सितंबर से 15 अक्तूबर तक जबकि डाउन में 12 सितंबर से 16 अक्तूबर तक नहीं चलेगी। वहीं बरौनी अंबाला कैंट हरिहर एक्सप्रेस अप में 11, 14, 18, 21, 25, 28 सितंबर, दो, पांच, नौ, 12 और 16 अक्रतूबर को रद्द रहेगी। वहीं डाउन दिशा में यह ट्रेन 09, 12, 16, 19, 23, 26, 30 सितंबर, तीन, सात, 10 और 14 अक्टूबर को नहीं चलेगी।

## जनपद के 57 गो आश्रय स्थलों में मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई गाय की पूजा, खिलाया गया गुड़ व केला

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के 57 गो आश्रय स्थलों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पारंपरिक रूप से मनाया गया। जन्माष्टमी के पावन पर्व पर गो माता को भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा होने के कारण गाय का पौणारिक महत्व है। इस लिए हम सभी गाय को माता मानते हैं और उनकी पूजा करते हैं। जन्माष्टमी के दिन गो-माता की भी विशेष पूजा - अर्चना की गई।

गुरुवार को जनपद के 57 गो आश्रय स्थलों में जन्माष्टमी का पर्व गो-माता की पूजा -अर्चना कर एवं उन्हें गुड़ और केला खिलाकर धूम-धाम से मनाया गया। गो आश्रय स्थल आरटीआई सदर में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की उपस्थिति में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ गौ पूजा कर गायों को माला पहनाकर गुड़ व केला खिलाया और गायों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।इसी प्रकार मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए तथा लंपी डिजीज से पशुओं को बचाने के लिए समुचित चिकित्सा का प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए। पशु के चारा-पानी की समुचित व्यवस्था की जाए। मुख्य



- सीडीओ, एडीएम, एसडीएम, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व नपा अध्यक्ष ने की गो माता की पूजा

विकास अधिकारी ने गौ-आश्रय स्थल पर साफ- सफाई नहीं पाई गई एवं उनके गोबर व मल- मूत्र के निकास के लिए व्यवस्था को देख नाराजगी व्यक्त की। संबंधित नगर पालिका के अधिकारी को निर्देशित किया कि चारों तरफ टीनशेड की व्यवस्था एवं गोबर एवं विशेष पानी की निकासी के लिए नाली की व्यवस्था तत्काल की जाए।

बताया गया कि बाहर में नाली की कोई व्यवस्था न होने पर समस्या आए दिन होती रहती है। उस पर मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने तत्काल आगणन बनाकर रोड के किनारे नाली बनाने को कहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व अरूण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर प्रखर उत्तम, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. शिवकुमार रावत, पशु चिकित्सा अधिकारी डा. रजनीश कुमार, जिला सूचना अधिकरी राकेश कुमार एवं नगर पालिका व पशुपालन विभाग कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। वृहद गोसंरक्षण केन्द्र करीमुद्दीनपुर में उप जिलाधिकारी मुहम्मदाबाद आशुतोष कुमार, कान्हा गोशाला में उप जिलाधिकारी जमानियां हर्षिता तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता तथा जनपद के अन्य गो आश्रय स्थलों में खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, बीडीओ, ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासियों की मौजूदगी में गो-माता की पूजा की गई। उन्हें फूल- माला पहनाया गया तथा गुड़ एवं केला खिलाया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री कृष्ण का जन्मोत्सव

**चंदौली।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए शहर व गांव में पूरी तैयारी एवं हर्षोल्लास के साथ बृहस्पतिवार को जन्माष्टमी का त्यौहार धूमधाम व परम्परागत तरीके से मनाया जाएगा। जनपद के मंदिरों व थाना-कोतवाली में श्रीकृष्ण की सुंदर झाकियां सजाई गयी। वहीं भजन-कीर्तन का कार्यक्रम भी पूरी रात अनवरत जारी रहा। जनपद के थानों व गांव के मंदिरों की भव्यता देखते ही बन रही थी। विदित हो कि जनपद में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हिन्दु पंचाग के अनुसार, भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार बृहस्पतिवार को धूमधाम से मनाया गया। दिन भर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भजन-कीर्तन किया। रात 12 बजते ही घंटा घड़ियालों के साथ बधाइयां बजनी शुरू हो गईं। दिन भर भजन-कीर्तन करते हुए लोगों ने भागवान श्रीकृष्ण आराधना एवं उपासना की और जगह-जगह झांकियां सजाई। जिले के सभी थानों, मंदिरों सहित अन्य स्थानों पर झांकियां सजाई गई थीं। विशेष उपासक को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया, वहीं आम लोग बुधवार को अपने-अपने घरों में जन्माष्टमी मनाई और व्रत रखा।

# किसी अनुष्ठान से कम नहीं संघ प्रचारकों का कार्यः महामंडलेश्वर



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जखनियां तहसील अंतर्गत सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत का पांच दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ। इस अभ्यास वर्ग में संघ के 26 जनपदों के प्रचारक शामिल रहे।

सिद्धपीठ श्री हथियाराम मठ पर चल रहे अभ्यास वर्ग के समापन सभा को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर श्री भवानीनंदन यति जी महाराज ने कहा कि संघ प्रचारकों का कार्य किसी अनुष्ठान से कम नहीं होता है। इनके निरंतर संघर्ष से ही एक स्वस्थ समाज की स्थापना होती है। संत और प्रचारक एक दूसरे के पूरक हैं। जिस प्रकार संत एक स्वस्थ समाज की रचना के लिए जीवन पर्यंत साधना में अपना समय व्यतीत करता है। उसी प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वयंसेवक व प्रचारक भी राष्ट्र समाज कल्याण निमित्त अनुष्ठान में शामिल रहते हैं। 3 सितंबर से शुरू होकर 7 सितंबर तक चलने वाले इस पांच दिवसीय अभ्यास वर्ग में संघ की दृष्टिकोण से बनाए गए 26 जनपदों के प्रचारकों के साथ ही 150 संघ प्रचारक शामिल रहे। इनके साथ ही समय-समय पर बौद्धिक व प्रशिक्षण देने के लिए राष्ट्रीय संगठन मंत्री गंगा समग्र रामाशीष, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी, अखिल भारतीय गौ सेवा प्रमुख अजीत महापात्रा, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राजेंद्र जी, प्रांत प्रचारक प्रमुख रामचन्द्र जी, काशी प्रांत प्रचारक रमेश जी, सह प्रांत प्रचारक मुनीष जी, क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर जी सहित कल 150 से अधिक प्रचारक शामिल रहे।







## आवेदनों के निस्तारण में जनपद के सभी थानों को मिला प्रथम स्थान

**केटी न्यूज/चंदौली।** मुख्यालय द्वारा विभागीय स्तर से प्रदान की जा रही जनहित गारण्टी अधिनियम में अधिसूचित गृह विभाग से सम्बन्धित नागरिक सेवाओं के थाने पर पांच सितंबर तक के चरित्र सत्यापन, किरायेदारी सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन एवं घरेलू सहायता सत्यापन के निस्तारण किये जाने शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण करने पर जनपद के सभी थानों को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। शासन की प्राथमिकता के अनुरूप प्रतिदिन पुलिस कार्यालय जनपद चन्दौली, समस्त थानों पर चरित्र सत्यापन, किरायेदारी सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन एवं घरेलू सहायता सत्यापन के निस्तारण की जाती हैं तथा प्राप्त शिकायतों का शासन की चेकलिस्ट (गाईडलाईन) का अनुपालन कराकर गुणवत्तापरण निस्तारण किये जाने का प्रयास किया जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप माह अगस्त की रैंकिग में जनपद के सभी थानों को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

माह अगस्त में चरित्र सत्यापन, किरायेदारी सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन एवं घरेलू सहायता सत्यापन के कुल 179 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे जिनमें से सभी का निस्तारण किया जा चुका है।

# खंभे से टकराई बाइक, छात्र की मौत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के बिरनो थाने के बीबीपुर (वाजिदपुर ) गांव के पास तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े खंभे से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार की रात इलाके के बीबीपुर (वाजिदपुर ) गांव के पास तीव्र गति से आ रही बाइक रोड पर खड़े खंभे से टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। ग्रामीण आनन-फानन में दोनों को अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रुप से घायल युवक को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

शादियाबाद थाना क्षेत्र के बभनौली हंसराजपुर निवासी सत्यम गुप्ता (15) पुत्र सोनू गुप्ता एवं रोहन राजभर (16) पुत्र राधेश्याम राजभर निवासी बभनौली हंसराजपुर बीती रात को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने के लिए बाइक पर सवार होकर बीबीपुर (वाजिदपुर) गांव से डीजे बजाने के लिए लाउडस्पीकर लाने के लिए गए थे। वहां से लाउडस्पीकर लेकर बाइक पर रखकर बभनौली हंसराजपुर आ रहे थे कि बीबीपुर वाजिदपुर गांव के पास मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से जा टकराई। जिसमें 15 वर्षीय सत्यम गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई और रोहन राजभर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने आनन-फानन में इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी लेकर गए, जहां डाक्टरों ने सत्यम गुप्ता को मृत घोषित कर दिया एवं गंभीर रुप से घायल रोहन राजभर को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। रोहन राजभर मोटर साइकिल चला रहा था और सत्यम मोटरसाइकिल पर लाउडस्पीकर लेकर पीछे बैठा था। दोनों युवक हेलमेट नहीं लगाए थे। सत्यम सिद्धार्थ इंटर कॉलेज यूसुफपुर में कक्षा 10 का संस्थागत छात्र था। हादसे से युवकों के परिजनों में कोहराम मच गया है।

## किसानों ने मनाया विजय दिवस, आंदोलन के कारण बैकफुट पर आया प्रशासन

# किसानों को मिलेगा उचित मुआवजा: विधायक

**केटी न्यूज/चंदौली**

सदर कोतवाली क्षेत्र के फगुइया गांव में किसान न्याय मोर्चा के द्वारा विजय दिवस मनाया गया। इसमें किसानों आंदोलन को अपना अधिकार बताया और कहा कि इसी के चलते जिला प्रशासन बैक फुट पर आया है।वहीं सपा विधायक प्रभुनारायण ?सिंह यादव और मोर्चा के संयोजक महेंद्र यादव ने किसानों को संबो?धित किया। कहा कि किसानों के संघर्षो के बदौलत सरकार ने सैदपुर से चंदौली जाने वाली फोर लेन सड़क के लिए उजाड़े गए गए किसानों को मुआवजा देने का ऐलान किया है। ऐसे में किसानों को संगठित रहकर आदोलन करने की जरूरत है।




इस दौरान सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने कहा कि हम सदैव किसानों के लिए लड़ते रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। किसानों, नौजवानों, मजबूरों के लिए संघर्ष करने में समाजवादी पार्टी पीछे नहीं रहेगी। किसान न्याय मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि संगठन तीन महीने से सड़क चौड़ीकरण के लिए किसानों को मुआवजा दिलाने की लड़ाई लड़ रहा है। ऐसे में आंदोल का परिणाम रहा कि जिला प्रशासन ने किसानों की अधिकांश बातें मान लिया है। इसलिए हम लोग विजय दिवस मनाने के लिए एकत्र हुए है। किसान न्याय मोर्चा के उपाध्यक्ष शमीम मिल्की ने कहा कि किसानों के आंदोलन में विधायक प्रभु नारायण यादव, पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू, पुर्व सांसद रामकिशन यादव आदि लोगों ने भी सहयोग किया। ऐसे में इन नेताओं के सहयोग के लिए किसान हमेशा आभारी रहेंगे। इंद्रजीत शर्मा ने कहा कि यह लड़ाई किसानों ने अपनी एकजुटता के बल पर जीत हुई है। ऐसे बधाई के असली हकदार तो किसान हैं। इस दौरान धर्मदेव कुशवाहा, श्रवण कुशवाहा, इंद्रजीत शर्मा,राकेश कुशवाहा, रोहित यदुवंशी, मुन्नू यादव, हीरावती देवी दयाराम तिवारी, जितेंद्र कुमार मौर्य, केदार यादव, मुजीब मिल्की, सुशील यादव, शाहजहां बेगम, बमबम विश्वकर्मा मौजूद रहे।